पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रदेश सरकार अवस्थापना सुविधाओं तथा बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए गम्भीरता से प्रयास कर रही है : मुख्यमंत्री

चार्टर्ड एकाउण्टेन्सी में आई0टी0 का उपयोग कर बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए

सरकार जनाकाँक्षाओं पर खरी उतरेगी – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने चार्टर्ड एकाउण्टेन्सी के छात्रों को संबोधित किया

लखनऊ : 19 अगस्त, 2012

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि अवस्थापना सुविधाओं विशेष रूप से सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आवश्यक सुधार करते हुए सरकार प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए गम्भीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तर प्रदेश का चौमुखी विकास नहीं होगा, तब तक देश में खुशहाली नहीं आ पाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के वित्तीय संसाधन सीमित हैं, इसलिए पी0पी0पी0 के आधार पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास तथा सड़क निर्माण कराए जाएंगे। सरकार सड़कों के निर्माण में लगभग 50–60 हजार करोड़ रुपए का निवेश कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार अच्छी सड़कों को विकास और खुशहाली का मूल मंत्र मानती है।

मुख्यमंत्री आज यहां गोमतीनगर के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में बोर्ड आफ स्टडीज, आई0सी0ए0आई0, सी0आई0आर0सी0, आई0सी0ए0आई0 (लखनऊ शाखा) तथा सी0आई0सी0 ए0एस0ए0 (लखनऊ शाखा) के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्वेन्शन फार सी0ए0 स्टूडेण्टस् 2012' के अवसर पर चार्टर्ड एकाउण्टेन्सी के छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री यादव ने कहा कि सत्ता में आने पर उनकी सरकार को बिजली सहित अन्य अवस्थापना सुविधाएं एकदम जर्जर अवस्था में मिली हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित बड़े बिजली घरों का पी0एल0एफ0 सिर्फ 40–50 प्रतिशत है, जबकि इसे काफी अधिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार गम्भीरता से प्रयास कर रही है।

विधानसभा चुनाव 2012 में मिली अभूतपूर्व सफलता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने कड़ी मेहनत की, जिसका प्रतिफल हमें पूर्ण बहुमत के रूप में मिला। उन्होंने उपस्थित छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि इसी प्रकार कड़ी मेहनत करके वे भी जीवन

में अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का मूलमंत्र कड़ी मेहनत है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आन्दोलन के दौरान समाजवादियों ने हर क्षेत्र में गैरबराबरी को खत्म करते हुए खुशहाली लाने का सपना देखा था। समाज से हर प्रकार की गैरबराबरी, चाहे वह आर्थिक हो अथवा शैक्षिक, समाप्त होने के बाद ही देश तरक्की करेगा और चारों ओर खुशहाली आएगी। राज्य सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के प्रबल समर्थन से पूर्ण बहुमत में आई है। प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए सारे प्रयास करेगी और जनहित में निर्णय लेगी और इसी उद्देश्य से अपनी नीतियों का निर्धारण करेगी, ताकि प्रदेश खुशहाल बने। सरकार सभी चुनौतियों का सामना दृढ़ता से करेगी।

चार्टर्ड एकाउण्टेन्सी के छात्रों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यहां हो रहे विचार मंथन से छात्रगण लाभान्वित होंगे और अच्छे अनुभव लेकर लौटेंगे। चार्टर्ड एकाउण्टेन्सी में आई0टी0 के प्रयोग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर तथा सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है और इसमें लगातार सुधार भी हो रहा है। पूरे विश्व में इस क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग हो रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में कम्प्यूटर और आई0टी0 का उपयोग करते हुए और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँ। आई0टी0 के प्रयोग से कई राज्यों ने अपने यहां के टैक्सेशन सिस्टम में व्यापक सुधार किए हैं।

उन्होंने कहा कि इस कन्वेन्शन की थीम स्वामी विवेकानंद का विचार – 'अराइज, अवेक एण्ड स्टॉप नॉट टिल दि गोल इज़ रीच्ड' है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने ही कहा था – 'आई डोण्ट चूज़ दि बेस्ट, बेस्ट चूज़ेज़ मी'। उन्होंने छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के इसी विचार पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वे अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें, ताकि सफलता उनके कदम चूमे।

इससे पूर्व प्रोटोकॉल राज्य मंत्री श्री अभिषेक मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रगण मेहनत कर अपने लक्ष्यों को हासिल करें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएँ हैं और रोजगार के अवसर विश्व स्तर पर हैं।

आई0सी0ए0आई0 की ओर से वॉइस चेयरमैन श्री सुबोध अग्रवाल ने लखनऊ में संस्था का एक 'स्टेट ऑफ दि आर्ट' स्टडी सेण्टर स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराने का मुख्यमंत्री से निवेदन किया, जिसपर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर कन्वेन्शन कमेटी के सदस्यगण सर्वश्री नीलेश, मुकेश सिंह कुशवाहा, नितिन व्यास, कन्वेन्शन कन्वीनर्स सर्वश्री राजीव शर्मा, अविचल एस0एन0 कपूर तथा श्री राजेश श्रीवास्तव, बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

————————————